कार्यालय उप वन संरक्षक, जयपुर

ग्रास फार्म नर्सरी,खातीपुरा रोड़, जयपुर

क्रमांकः– एफ(3) FCA / उवसंज / 2021 / 1710 दिनांक : 3/3/21

निमित्त :–

अधिशाषी अभियन्ता
परियोजना खण्ड द्वितीय (उत्तर)
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर।

विषयः– प्रपोजल नं. एफ.ए / आर.जे / वाटर / 42602 / 2019 स्वीकृति हेतु।
संदर्भः– दिनांक 20.02.2021 को किये गए संयुक्त मौका निरीक्षण के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दिनांक 20.02.2021 को क्षेत्रीय वन अधिकारी आमेर एवं सर्वेयर कार्यालय हाजा तथा आपके कार्यालय से नियुक्त प्रतिनिधि सहायक अभियन्ता के साथ संयुक्त मौका निरीक्षण हेतु वन खण्ड बडी लाइन आमेर 54 (आरक्षित वन) के ग्राम मानपुरा सडवा में मौके पर प्रस्ताव में गुजरने वाली पाइप लाइन के प्रथम बिंदु पर पहुंचने पर पाया कि प्रस्ताव के साथ संलग्न मानचित्रानुसार ग्राम सडवा के खसरा नंबर 255/1 की वन भूमि पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के पंप हाउस को प्रस्ताव में सम्मिलित नहीं किया गया है। पंप हाउस वाली उक्त भूमि वन खण्ड बडी लाइन आमेर 54 के ग्राम मानपुर सडवा की आरक्षित वन भूमि है।
अतः कृपया उक्त वन भूमि को भी प्रस्ताव में सम्मिलित कर पुनः प्रस्ताव प्रस्तुत करने का कष्ट करावें, ताकि प्रकरण से संबंधित अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(वीर सिंह ओला)
उप वन संरक्षक,
जयपुर